## गंगोत्री–यमुनोत्री सहित हर्षिल में हुई बर्फबारी



बर्फबारी का आनंद उठाते पर्यटक।

**संवाददाता** उत्तरकाशी। उत्तरकाशी के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश होने से तापमान में और गिरावट आई। बुधवार रात से मौसम में आए बदलाव से उत्तरकाशी में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। गुरुवार सुबह से गंगोत्री–यमुनोत्री सहित हर्षिल, खरसाली, दयारा बुग्याल में बर्फबारी हुई। ऊंचाई वाली चोटियां भी बर्फ की चादर से ढक गई है। मौसम के अलर्ट को देखते हुए उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने 13 दिसंबर को सभी सरकारी व निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया। गुरुवार की सुबह ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी हुई, जो पूरे दिन जारी रही। वहीं, भटवाड़ी, डुंडा, चिन्यालीसौड़, पुरोला, उत्तरकाशी में दिन भर हल्की बारिश होती रही। बर्फबारी होने गुरुवार को गंगोत्री का तापमान अधिकतम 3 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम माइनस 7 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं यमुनोत्री का तापमान शनिवार को अधिकतम 2 डिग्री व न्यूनतम माइनस 8 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तरकाशी जिला मुख्यालय का अधिकतम तापमान 10 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 3 डिग्री दर्ज किया गया।



# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# आरेंज अलर्ट के चलते सभी स्कूलों में छुट्टी

**अलर्ट**

## पहाड़ों में बर्फबारी, मैदानी इलाकों में बारिश से बढ़ी ठंड

**संवाददाता**

देहरादून। केदारनाथ समेत चारधाम में बर्फबारी हुई है, जबकि मैदानी इलाकों में रुक रुककर बारिश हुई। इससे सर्दी बढ़ गई। मौसम विभाग के साथ ही प्रशासन ने सर्दी को देखते हुए आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके चलते उत्तरकाशी समेत कई जिलों के जिलाधिकारी ने शुक्रवार को सभी सरकारी व निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया है। देहरादून, ऋषिकेश, अल्मोड़ा, हल्द्वानी में बारिश ने ठंड काफी बढ़ा दी है।



केदारनाथ समेत ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात।

**केदारनाथ में भारी बर्फबारी, मौसम हुआ ठंडाः** गुरुवार को केदारनाथ में भारी बर्फबारी हुई, वहीं जिले के सभी ऊंचाई वाले स्थानों पर भी बर्फबारी हुई, जबकि निचले इलाकों में बारिश का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। जिससे पूरे जनपद में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। केदारनाथ में सुबह पांच बजे से बर्फबारी शुरू हो गई थी, जो रुक–रुककर पूरे दिन चलती रही। दो फीट से अधिक ताजी बर्फ धाम में जम गई है। केदारनाथ में न्यूनतम तापमान माइनस 12 डिग्री पहुंच गया है। वहीं, पुर्ननिर्माण कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। दूसरी ओर चोपता, दुगलबिट्टा, तुंगनाथ, मदमहेश्वर में भी बर्फबारी हुई। यहां भी ठंड का प्रकोप बढ़ गया है।

उधर, घाटी वाले क्षेत्रों में पूरे दिन बारिश का सिलसिला जारी रहा। जिससे जोरदार ठंड महसूस की गई। केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्य कर रहे वुड स्टोन कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि तामपान माइनस 12 डिग्री पहुंच गया है, ठंड अधिक होने से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**बर्फबारी से बदरीनाथ हाइवे हनुमानचट्टी से आगे बंदः** विश्व प्रसिद्ध पर्यटनस्थल और हिमक्रीड़ा केंद्र औली में साल की दूसरी बर्फबारी से पर्यटकों के चेहरे खिल गए है। रात्रि से रुक–रुककर हो रही बर्फबारी से औली में दो फिट से अधिक बर्फ जम गई है। बर्फबारी से बदरीनाथ हाईवे हनुमानचट्टी से आगे बदरीनाथ तक बंद है। इससे सेना के वाहनों की आवाजाही फिलहाल ठप है। जोशीमठ औली मोटर मार्ग भी औली से दो किमी पहले कवांण बैंड के पास बंद हो गया है। हालांकि, रोपवे सुचारू रहने से पर्यटकों की आवाजाही लगातार चल रही है। बर्फबारी के चलते औली में दो फिट बर्फ जम चुकी है। इससे औली में पर्यटकों का जमावड़ा लग रहा है। पर्यटक औली में हो रही बर्फबारी का जमकर मजा ले रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### शासकीय एवं गैर शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं में एक दिन का अवकाश घोषित

देहरादून। मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम पुर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार को जनपद के उचांई वाले स्थानों पर कहीं–कहीं पर भारी बर्फबारी तथा ओलावृष्टि होने की सम्भावना की चेतावनी को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी सी रविशंकर ने शुक्रवार को जनपद के कक्षा 1 से कक्षा 12 तक संचालित समस्त शासकीय एवं गैर शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं और आंगनबाड़ी केन्द्रो में एक दिन का अवकाश घोषित किया है। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियोंध्तहसीलदारों सहित मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को जनपद में आदेशों का अनुपालन करवाने के निर्देश दिये।

### गुरुकुल के शिक्षक संघ चुनाव, सभी पदों पर हुआ निर्विरोध निर्वाचन

**संवाददाता** हरिद्वार। गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के समस्त पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हो गया है। शिक्षक संघ निर्वाचन के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. ज्ञान चंद रावल ने चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि शिक्षक संघ में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए नामांकन प्राप्त हुए। विपक्ष में कोई नामांकन न होने के कारण सभी पदों पर पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हो गया है। शिक्षक संघ के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. ज्ञान चंद रावल ने बताया चुनाव के उपरांत अध्यक्ष पद हेतु प्रो. अम्बुज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु डॉ. एम.एम. तिवारी, उपाध्यक्ष पद हेतु डॉ. मंजूषा कौशिक, सचिव पद हेतु प्रो. एल पी पुरोहित, सह सचिव पद हेतु डॉ. नीना गुप्ता एवं डॉ. अजेन्द्र और कोषाध्यक्ष पद हेतु को डॉ. बबलू कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया है।

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग दिल्ली के पदाधिकारियों ने ली बैठक

**संवाददाता** हरिद्वार। बाल अधिकार संरक्षण आयोग दिल्ली से रमन कुमार गौर वरिष्ठ परामर्श दाता विधि, निधि कोशिक वरिष्ठ परामर्श दाता एवं अभिकर्ष त्यागी परामर्श दाता ने एडीएम वित्त एवं राजस्व के. के मिश्र के साथ राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग दिल्ली द्वारा आज प्रातः 09 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर रोशनाबाद में आयोजित होने वाले बाल अधिकारों के उल्लंघन एवं शिकायतों के निवारण संबंधी शिविर की तैयारियो के संबंध में समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर रमन कुमार गौर वरिष्ठ परामर्श दाता विधि, निधि कोशिक वरिष्ठ परामर्श दाता ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय बाल शिविर में बाल अधिकारों का उल्लंघन, तथा शिकायतो का निस्तारण किया जायेगा।

## डीएम ने की विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय मासिक समीक्षा बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग और सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।



कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय मासिक समीक्षा बैठक करते डीएम।

जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों और कार्मिकों को विभिन्न न्यायालयों में और विभिन्न प्रकार के लम्बित वादों (अभियोजन) के त्वरित निस्तारण, राजस्व वसूली में सुधार करने, न्यायालय के निर्देशों, माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय और सामान्य जनता की ओर से आने वाले शिकायती प्रकरणों के त्वरित और उचित समाधान करने के साथ ही जन उपयोगी और जन केन्द्रित प्रशासन में सहायक सूचना का अधिकार, सेवा का अधिकार, मुख्यमंत्री हेल्पलाईन (1905) तथा मुख्यमंत्री डेश बोर्ड इत्यादि नये स्मार्ट मैकेनिज्म में उचित संज्ञान लेते हुए आपसी समन्वय से कार्यों को तेजी से निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व विभाग के कार्यों से जुड़े अन्य विभागों यथा पुलिस, अभियोजन विभाग, आबकारी, परिवहन, खाद्य आपूर्ति, खनन, उप निबन्धक कार्यालयों से भी उचित समन्वय स्थापित करते हुए आपसी वार्तालाप–पहल से कार्यों की प्रगति बढाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने उप निबन्धक विकासनगर के आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति न्यून होने तथा बैठक में अनुपस्थित होने को गंभीरता से लेते हुए उनके स्पष्टीकरण के निर्देश दिये।

## प्रशासन की लगातार दूसरे दिन खनन पर बड़ी कार्यवाही

**संवाददाता** हरिद्वार। प्रशासन की सख्ती के बावजूद भी खनन कार्य रुकने का नाम नहीं ले रहा है जिला प्रशासन द्वारा समय–समय पर अवैध खनन करने वालों पर कार्यवाही की जा रही है वहीं अवैध खनन करने वाले नए नए तरीके ईजाद कर प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। बृहस्पतिवार की अल सुबह प्रशासन की लगातार दूसरे दिन खनन पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 30 बुग्गिया सीज की है।

बृहस्पतिवार तड़के उप जिलाधिकारी कुसुम चौहान को हरिद्वार तहसील के ज्वालापुर क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत मिल रही थी कि सेक्टर ६ में रानीपुर रो में कुछ लोगों के द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है। जिसका संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी मति कुसुम चौहान द्वारा नायब तहसीलदार ज्वालापुर सुशील सेनी को छापेमारी हेतु भेजा गया।

जिसके अनुपालन में नायब तहसीलदार द्वारा टीम के साथ सुबह 5 बजे छापेमारी की कार्यवाही करते हुए सेक्टर 6 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास रानीपुर रौ में लगभग 30 बग्गियाँ पकड़ी गयी।